दिनांक 23.12.2017

स्वच्छ भारत अभियान | स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

महापौर देवेन्द्र यादव ने भिलाई के गोठ कार्यक्रम के तहत् शनिवार को वार्ड 53 व 54 में चौपाल लगाई

भिलाईनगर/ निगम महापौर देवेन्द्र यादव ने भिलाई के गोठ कार्यक्रम के तहत् आज वार्ड 53 एवं 54 सेक्टर 5 के पूर्व एवं पश्चिम में बी.एस.पी. के अधिकारी एवं निगम अधिकारी, कर्मचारियों के संयुक्त टीम के साथ पहुंचकर वार्ड के नागरिकों की मांग पर दोपहिया वाहन से वार्ड के नागरिकों के साथ रैली निकालकर वार्ड भ्रमण करते हुए प्रतिदिन अनुसार आम नागरिकों के साथ पेड़ के नीचे बैठकर चौपाल लगाई गई एवं वार्ड के नागरिकों के द्वारा बताये गये जन समस्याओं को बड़ी गंभीरता से लेते हुए अवगत होते हुए संबंधितों को निर्देश दिये।

निगम महापौर श्री यादव ने चौपाल के दौरान उपस्थित महिलाएं एवं पुरुष से वार्ड की समस्या से संबंधित आवेदन एवं नागरिकों द्वारा अपनी समस्या बताई जिसके त्वरित निराकरण के लिए जोन आयुक्त डी.के. वर्मा को निर्देशित किये। वार्ड के नागरिकों के द्वारा प्रमुख समस्या के रुप में अवैध कब्जा, पानी की समस्या, प्रकाश व्यवस्था, नाली, सड़क के किनारे फैले कचरे की सफाई, एवं पेयजल हेतु वार्ड में लगे बोरिंग में आ रहे गंदा पानी जो पीने योग्य नहीं है इन सभी समस्याओं से महापौर को अवगत कराया गया।

महापौर देवेन्द्र यादव ने नागरिकों द्वारा पानी की समस्या को लेकर की गई शिकायत पर स्वयं उक्त बोरिंग से निकलने वाले पानी का स्वाद लिया एवं उक्त बोरिंग से निकलने वाले पेयजल पीने योग्य नहीं है इसके निराकरण के लिए अन्य माध्यम से पेयजल की व्यव्स्था आम नागरिकों को उपलब्ध हो सके इस संबंध में जल्द ही एक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिये गये वार्ड नागरिकों के द्वारा चौपाल के दौरान आवेदन के माध्यम से की गई शिकायतों एवं मौखिक रुप से भी उपस्थित नागरिकों ने समस्याओं को रखा इसे गंभीरता से लेते हुए स्वयं महापौर के द्वारा वार्ड भ्रमण करते हुए नालियों में भरी गंदगी, कचरों का ढ़ेर, स्ट्रीट लाईट एव ंबीएसपी के पुराने जर्जर भवन जो संधारण योग्य हो गये है इन सब समस्याओं से अवगत होते हुए निगम एव ंबीएसपी के अधिकारियों के द्वारा संयुक्त रुप से इसकी कार्ययोजना तैयार कर उक्त समस्या का निराकरण करने के निर्देश मौके पर ही दिये गये।

निगम महापौर देवेन्द्र यादव ने आज विभिन्न वार्डों में भ्रमण कर स्वच्छ भारत मिशन को लेकर भिलाई की रैंकिग बढ़ाये जाने के संबंध में एवं वार्ड में सफाई व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रहे उसे लेकर आम नागरिकों को ऐप्प के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए मोबाईल में स्वच्छता ऐप्प डाउनलोड कराया गया।

कार्यक्रम एवं वार्ड भ्रमण के दौरान महापौर देवेन्द्र यादव के साथ जोन आयुक्त डी.के. वर्मा, बीएसपी के एजीएम राकेश एसांई, महापौर परिषद के सदस्य नीरज पाल, वार्ड पार्षद शिवप्रसाद शिबू, पूर्व पार्षद मनोज शुक्ला, उपअभियंता प्रिया खैरवार, प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक यशवंत चतुर्वेदी, उद्यान अधिकारी पी.सी. सार्वा, रामायण सिंह, शरद दुबे, वार्ड के गणमान्य नागरिक सहित बीएसपी एवं निगम के अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

जन सम्पर्क अधिकारी